दिन– शुक्रवार दिनांक– 06 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू–कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल – अंजी खड का करेंगे शुभारंभ।

02. प्रदेश की छह नगर पंचायतों में होने वाले चुनाव के लिए चार सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। आज से नौ जून तक होगी नामांकन पत्रों की जांच।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे बिहार। सीवान में जनसभा को करेंगे संबोधित।

04. और, पूर्वी चम्पारण जिले के केशर राज और रवि कुमार यादव तलवारबाजी के लिए खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चयनित।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू–कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल – अंजी खड का शुभारंभ करेंगे। दो सौ बहत्तर किलोमीटर के इस रेल लिंक पर लगभग चौवालीस हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। पूरी तरह से विद्युतीकृत इस परियोजना में छत्तीस सुरंग और नौ सौ तैंतालीस पुल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि परियोजना के अन्तर्गत चेनाब ब्रिज देश का पहला केबल – आधारित रेल ब्रिज हैं।

———बाईट———

नदी के तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चेनाब रेल ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है इसकी ऊंचाई एफिल टावर से 35 मीटर अधिक है। एक किलोमीटर से अधिक लंबी इस्पात की यह संरचना उधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक का महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारतीय इंजीनियरिंग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दुर्गम इलाकों और मौसम की चरम स्थितियों को सहने के लिए डिजाइन किया गया यह पुल 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा की रफ्तार का सामना कर सकता है और इसे 120 साल तक की अवधि तक टिकाऊ रहने के लिए निर्मित किया गया है वहीं हिमालय की उबड़ खाबड़ भूमी पर मजबूती से खड़ा अंजी खड पुल भारत का पहला केबल स्टेट रेलवे ब्रिज है। यह चेनाब में दक्षिण में गहरी अंजी नदी घाटी में फैला है जो उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला रेल लाइन के कटरा बनिहालखंड को जोड़ता है। भूकंप तेज हवाओं और बदलते भूविज्ञान को झेलने के लिए बनाया गया अंजी ब्रिज एक इंजीनियरिंग उपलब्धि से कहीं बढ़ कर है। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार, कटरा।

———————————————————————

देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। आज

हम देश के सभ्यतागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

---बाईट---

---

प्रदेश की छह नगर पंचायतों कोचस, मेहसी, पकड़ीदयाल, खुशरूपुर, बिक्रम और नौबतपुर में होने वाले चुनाव के लिए चार सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य पार्षद के लिए चौवन, उपमुख्य पार्षद के लिए छियालीस और वार्ड पार्षद के लिए तीन सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। वहीं, इक्यावन नगर पालिकाओं में होने वाले उपचुनाव के लिए अलग–अलग पदों पर एक सौ इकतालीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उम्मीदवारों के आवेदनों की जांच आज से नौ जून तक की जायेगी। दस से बारह जून तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। अट्ठाईस जून को मतदान होगा जबकि मतगणना तीस जून को होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दीलीप जायसवाल ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री सीवान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि इस दौरे में श्री मोदी बिहार को कई सौगातें भी देंगे। इधर, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पन्द्रह जून को अररिया में जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर राजगीर और गयाजी आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री गांधी राजगीर में अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेंगे। उनका गयाजी में महिलाओं से संवाद का भी कार्यक्रम है।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी आज मुजफ्फरपुर में राजस्व और भूमि सुधार से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान राजस्व वसूली की स्थिति, दाखिल–खारिज और परिमार्जन प्लस के मामलों के निष्पादन समेत अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। श्री सरावगी का बारह जून को पश्चिम चम्पारण और तेरह जून को पूर्वी चम्पारण में समीक्षा का कार्यक्रम है।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत विदेश यात्रा पर गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी. रोवर से मुलाकात की। श्री प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए श्री रोवर का आभार व्यक्त किया।

---बाइट---

आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए वैश्विक दौरे पर गए सात सर्वदलीय शिष्ट मंडलों में से पांच स्वदेश लौट आये हैं। शिष्टमंडल के सदस्यों ने विभिन्न देशों में वहां के नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, विचारकों, मीडिया और भारतवंशियों से बातचीत की।

---

प्रदेश में जनवरी दो हजार तेईस से अबतक पुराने वाहनों को नष्ट करने के लिए एक हजार छह सौ सोलह आवेदन प्राप्त हुये हैं। इनमें पांच सौ पचपन निजी वाहन हैं। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग पर सरकार वाहन मालिक को नए वाहन के पंजीकरण पर कर में छूट देती है। निजी वाहनों पर यह छूट पच्चीस प्रतिशत, जबकि वाणिज्यिक वाहनों पर पंद्रह प्रतिशत निर्धारित है। उन्होंने बताया कि स्क्रैप कराने वाले वाहन मालिकों को लंबित सभी तरह के बकाये में भी एकमुश्त छूट दी जा रही है।

---

रेलगाड़ियों में यात्रा के दौरान यात्रियों के आधार कार्ड का सत्यापन किया जायेगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि टिकट जांचकर्ताओं को एम–आधार ऐप डाउनलोड करने के निर्देश दिये गये हैं। जांच के दौरान किसी यात्री का आधार कार्ड फर्जी पाया गया तो उस पर आरपीएफ कानून के साथ कार्रवाई की जायेगी।

---

एनटीपीसी बाढ़ के स्टेज–वन की तीसरी इकाई का ट्रायल ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके बाद यहां से वाणिज्यिक बिजली उत्पादन जल्द शुरू होगा। इस यूनिट से बिहार को तीन सौ सत्तर मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलेगी। गौरतलब है कि वर्तमान में बिहार को स्टेज वन और स्टेज टू से उन्नीस सौ पचपन मेगावाट बिजली मिल रही है। बाढ़ परियोजना से बिहार, झारखंड, सिक्किम, उड़ीसा समेत नौ राज्यों को बिजली मिल रही है। एनटीपीसी बिहार अपने विभिन्न संयत्रों को छह हजार सात सौ छब्बीस मेगावाट से अधिक बिजली मिल रही है।

———————————————————————————

देशभर में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार आज उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। यह पोर्टल सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संपत्तियों का विस्तृत विवरण, जैसे कि इसकी माप और जियो–टैग की गई लोकेशन, अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। सरकार को आशा है कि यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और इससे संबंधित विवादों में भी कमी आएगी।

———————————————————————————

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वैज्ञानिक बाईस कृषि विज्ञान केंद्र, जिलों के किसानों की समस्याएं जानकर उसका डाटा बैंक तैयार करेंगे। बीएयू के कुलपति दुनिया राम सिंह ने बताया कि डाटा तैयार होने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी। गौरतलब है कि बारह जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक प्रदेश के स भी जिलों के चिन्हित गांवों में जाकर किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं कर समाधान कर रहे हैं। साथ ही किसानों को कृषि नवाचारों की भी जानकारी दी जा रही है।

———————————————————————————

प्रदेश में कोविड के मामलों में बढोतरी देखी जा रही है। पटना में पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक बच्चे समेत छह लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रदेश में अब तक अड़तीस कोविड संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से तेरह स्वस्थ हो चुके हैं जबकि पच्चीस होम आइसोलेशन में उपचार करा रहे हैं।

———————————————————————————

कर्मचारी चयन आयोग, एसएससी ने उम्मीदवारों के लिए मोबाइल एप से आवेदन की सुविधा दी है। एसएससी के चेयरमैन एस गोपालकृष्णन ने बताया कि जून 2025 से सभी भर्तियों के लिए आवेदन, फोटो अपलोडिंग और आधार वेरिफिकेशन जैसी प्रक्रिया माय.एसएससी मोबाइल एप के जरिए पूरी होगी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ओर से आयोजित इंटरमीडिएट और मैट्रिक की विशेष सह कंम्पाटमेंटल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन है।

———————————————————————————

राजधानी पटना के हनुमानगनर निवासी एक डॉक्टर दम्पति से साईबर अपराधियो ने दो करोड़ रूपये ठग लिये। साईबर थाना प्रभारी और डीएसपी रघुवेन्द्र मणी त्रिपाठी ने बताया कि अपराधियों ने डॉक्टर दम्पति को बारह दिन तक सीबीआई अधिकारी और जज बताकर अपने गिरफ्त में रखा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि दम्पति से मनी लॉड्रिंग केस में गिरफ्तारी की धमकी देकर छह बार में दो करोड़ रूपये ठगे गये। उन्होंने बताया कि अपराधी पुलिस वर्दी में थे और वीडियो कॉल में पुलिस स्टेशन और कोर्ट रूम दिख रहा था। डीएसपी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

————————————————————————

वाणिज्य कर विभाग ने पटना के बाकरगंज स्थित तीन गहनों की दुकानों पर छापेमारी कर बिना वैध कागजात के सत्तर किलो सोना और पचपन सौ किलो चांदी बरामद की है। विभाग के सचिव सह आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि जब्त सोने–चांदी की कीमत लगभग एक सौ बीस करोड़ रूपये आंकी गयी है। उन्होंने कहा कि विभाग निर्धारित टैक्स की वसूली करेगा और नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के दो खिलाड़ी केशर राज और रवि कुमार यादव तलवारबाजी के लिए खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चुने गये हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण की खेलो इंडिया स्कीम के तहत इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयन के बाद इन खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण, खेल उपकरण और स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं मिलने लगेगी।

————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

बांका जिले के अमरपुर प्रखंड में ज्येष्ठ गौरनाथ चांदन नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी। वहीं, दो बच्चियों को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया।

सहरसा जिले के पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी गोविंद साह को बीस साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पटना रेल पुलिस ने सीमांचल एक्सप्रेस के एक डिब्बे से शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के राजवीनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने चोरी की ई–रिक्शा के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

शेखपुरा पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मी से लूट मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– राज्य का हर आदमी कम से कम एक पौधा जरूर लगाये। पौधों से कम होगा, जलवायु परिवर्तन का खतरा।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– शिवहर में डीजे की तेज आवाज से घर में सो रही किशोरी की हार्ट अटैक से मौत।

दैनिक भास्कर लिखता है– आरसीबी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी और एसीपी सस्पेंड।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अयोध्या के राम मंदिर में सजा राजा राम का दरबार। गंगा दशहरा पर दूसरी बार हुआ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान।

आज अखबार लिखता है– लोक शिकायत पदाधिकारी स्वेता मिश्रा के ठिकानों पर छाये। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़े गये पटना के ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन। जल जमाव से मिलेगी निजात।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू–कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल – अंजी खड का करेंगे शुभारंभ।

02. प्रदेश की छह नगर पंचायतों में होने वाले चुनाव के लिए चार सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। आज से नौ जून तक होगी नामांकन पत्रों की जांच।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे बिहार। सीवान में जनसभा को करेंगे संबोधित।

04. और, पूर्वी चम्पारण जिले के केशर राज और रवि कुमार यादव तलवारबाजी के लिए खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चयनित।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।